**Samyak**
**An Institute For Civil Services**

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि - 08/A7

**Time : 3 Hours** | **Maximum Marks : 200**

### लोकप्रशासन एवं प्रबंधन की अवधारणाएँ, मुद्दे एवं गत्यात्मकता
### Concept, Issues and Dynamics of Public Administration and Management

## Paper - III (Unit-II)

| Name : | | MARKS | |
|---|---|---|---|
| Enroll. No.: | Part | Attempted Questions | Marks Obtained |
| Date of Birth : | Part - A | | 25 |
| Medium : Hindi | Part - B | | 30 |
| E-mail : | Part - C | | 36 |
| Exam Date : 10 - 12 - 2023. | Total | | 91 |
| Inviligator's Signature : | | | |
| ECN: / RCN: | Hindi: — | English: — | |

## अनुदेश (Instructions)

* विशेषज्ञाविधि जानने की आवश्यकता है

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   **Please check the booklet before commencement of the exam.**
2. दिये गये रिक्त स्थान में निर्देशित शब्द सीमा में उत्तर दें।
   **Write the answers according to the prescribed word limit, in the space given.**
3. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   **The marking scheme is given at the start of every section.**
4. परीक्षा के पश्चात् उत्तर पुस्तिका हॉल अधीक्षक को सौंप दें।
   **Return the answer booklet to the hall superintendent after completing the paper.**

| | REVIEW PARAMETERS | SCALE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Good | Above Average | Average | Below Average |
| 1. | DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION? | | | ✓ | |
| a. | **Answer Relevancy** | | | ✓ | |
| b. | **Answer Enrichment** points like use of: **Key Terms/** Subject Vocabulary.<br>Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc.<br>**Association with the Current Affairs and use of examples** to explain the concept and idea | | | | ✓ ✓ ✓ |
| 2. | HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED? | | | ✓ | |
| a. | **Structure** - Intro, Body, Conclusion | | | | ✓ |
| b. | **Presentation** – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | | | ✓ |
| c. | **Language & Grammar** | | | ✓ | |
| d. | **Word limit** | | | ✓ | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-

1.
2. → प्रश्न की मांग के अनुसार उत्तर लिखे,
3. → बिल्कुल Bluff नहीं करना है, उत्तर में
4. → दीर्घ उत्तरीय सवालों को अच्छे से ठीक
5. लिखा है, Good!
6.
7. → हिंदी व English को बिल्कुल खाली
8. ना छोड़े
9.
10. बाकी प्रयास अच्छा है।
11.

**SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111**
Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

Note : Answer the following questions in 15 words. Each question carries 2 marks.
नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. लोक प्रशासन के संदर्भ में विषय-सामग्री दृष्टिकोण क्या है?
What is content approach in the context of public administration?

संगठनात्मक उपागम से सम्बंधित दृष्टिकोण है जिसमें संगठन में अपनायी जाने वाली नीतियों के बजाय संगठन के अवयवों (मानव संसाधन, सांगठनिक ढांचे, उत्पादन तकनीकों आदि) पर बल दिया जाता है।

POSDCORB + समाजकल्याण

सरकार द्वारा दी जा रही सेवाएं विषय सामग्री में आती है

(Write above this line only)

2. 'लोक प्रशासन एक कला है'- इसके पक्ष में तीन तर्क दीजिए।
'Public Administration is an art' – Give three arguments in its favour.

1.→ निरन्तर अभ्यास पर आधारित
2.→ सार्वलौकिक सिद्धांतों का अभाव
3.→ कार्य में गहन रूची, निपुणता से ही प्रभावी परिणामों की प्राप्ति होती है।

→ व्यक्तित्व
→ सृजनात्मक क्षमता

(Write above this line only)

3. एल.डी. व्हाइट की उस पुस्तक का नाम बताइए जिसे लोक प्रशासन की प्रथम पुस्तक माना जाता है?
Name the book by L.D. White which is considered to be the first book on public administration?

"Introduction to the study of Public Administration." L.D व्हाइट की पुस्तक है जिसे लोक प्रशासन की प्रथम पुस्तक माना जाता है।

(Write above this line only)

4. 'नियंत्रण का क्षेत्र' अवधारणा में समग्र संबंधों की संख्या ज्ञात करने हेतु ग्रेक्यूनाज द्वारा प्रस्तुत सूत्र को लिखिए।
**Write the formula presented by Gracunaz to find the number of overall relationships in the concept of 'Span of Control'.**

समग्र सम्बंध $= n\left(\frac{2^n}{2} + n - 1\right)$
जहां n – अधीनस्थों की संख्या है।

2

(Write above this line only)

5. फेयोल द्वारा वर्गीकृत छः औद्योगिक गतिविधियाँ कौन-कौनसी हैं?
**What are the six industrial activities classified by Fayol?**

1. नियोजन
2. स्टाफिंग
3. संगठन
4. निर्देशन
5. समन्वय
6. नियंत्रण

① तकनीकी ② सुरक्षा
③ वाणिज्यिक ④ वित्तीय
⑤ प्रबंधकीय ⑥ लेखांकन

(Write above this line only)

6. वेबर द्वारा वर्णित नौकरशाही की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
**Write any two characteristics of bureaucracy described by Weber.**

→ कार्य दशाओं में स्थायित्व की स्थिति।
→ पदसोपानिक व्यवस्था का कार्य क्रियान्वयन में पालन।

1

③ योग्यता प्राप्त कार्मिक
④ श्रम विभाजन

(Write above this line only)

7. लोक प्रशासन में 'सत्ता' के स्रोत कौन-कौनसे हैं?
**What are the sources of 'Authority' in public administration?**

(Write above this line only)

8. 'स्केलर चेन' की संकल्पना
**Concept of 'Scalar Chain'**

z संगठन के विभिन्न घटक परस्पर एक-दूसरे से जुड़कर सीधी शृंखला के रूप में व्यवस्थित रहते हैं जिसमें स्थान क्रमानुसार (उच्च - अधीनस्थ) प्राप्त होता है।

(Write above this line only)

9. जॉर्ज टैरी द्वारा वर्णित प्रत्यायोजन के तीन प्रकार कौनसे हैं?
**What are the three types of delegation described by George Terry?**

(Write above this line only)

10. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 की मुख्य विषयवस्तु क्या है?
**What is the main content of Section 135 of the Company Act 2013?**

(Write above this line only)

11. लोक प्रशासन में 'राजनीतिक तटस्थता' से क्या अभिप्राय है?
**What is meant by 'political neutrality' in public administration?**

राजनीतिक तटस्थता से तात्पर्य लोक प्रशासक किसी राजनैतिक दल का सदस्य न हो, ना ही किसी दल के प्रति झुकाव हो और ना ही किसी दल को चंदा आदि देता हो। साथ ही अपने कार्यों को राजनीतिक रूप से प्रभावित हुए बिना संपादित करें।

(Write above this line only)

12. 'निगमित शासन' के प्रमुख तीन मॉडल कौनसे हैं?
**What are the three main models of 'corporate governance'?**

(1) PPP → सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल
(2) BOT → बिल्ट, ऑपरेट, ट्रांसफर मॉडल
(3) BT → बिल्ट, ट्रांसफर मॉडल

→ एंग्लो सेक्सन
→ कॉन्टिनेंटल
→ जापानी
] → मॉडल

(Write above this line only)

13. लोक प्रशासन के विकास के चतुर्थ चरण को 'संकटावस्था का काल' क्यों कहा जाता है?
**What is the fourth phase of development of public administration called 'period of crisis'?**

1

चतुर्थ चरण (1948-70) में लोक प्रशासन के सिद्धांतों का प्रभाव तात्कालिक जटिल परिस्थितियों (युद्ध के बाद विश्व व्यवस्था को चलाने, वियतनाम युद्ध) में शून्यता की ओर अग्रसर हो गया। इस दौर में तुलनात्मक लोक प्रशासन, विकास प्रशासन का उदय हुआ।

सिद्धांतों विचारधारा को धराशायी

क्यों कहते हैं उसके बारे में लिखना है।

(Write above this line only)

14. हेनरी फेयोल की 'गैंग प्लेंक' की अवधारणा।
**Henri Fayol's concept of 'Gang Plank'.**

(Write above this line only)

15. राज्य सचिवालय विधायी भूमिका का किस प्रकार निर्वाह करता है?
**How does the State Secretariat perform its legislative role?**

1

विधायिका द्वारा बनाये जाने वाले कानूनों का वास्तविक निर्माण सचिवालय द्वारा ही किया जाता है। सचिवालय द्वारा संग्रहित सूचनाएं, तथ्य एवं फीडबैक इसके आधार बनते हैं।

पूछे गए प्रश्न - उत्तर संशोधित व नये

(Write above this line only)

विधेयकों के निर्माण में सहायक

16. 'राज्यपाल केन्द्र का एजेंट है'- कथन की पुष्टि में दो तर्क दीजिए।
**Give two arguments in support of the statement 'The Governor is the agent of the Centre'.**

1

↳ राज्यपाल की नियुक्ति, स्थानान्तरण, पद-मुक्ति केन्द्र (राष्ट्रपति) द्वारा

↳ राज्य में आपात के दौरान मुख्य अभिकर्ता; संवैधानिक तंत्र की विफलता पर राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा (अनु-356)

केंद्र के निर्देशों का राज्य में अनुपालन

(Write above this line only)

17. प्रशासन पर कार्यपालिकीय नियंत्रण के प्रमुख साधनों को बताइये।
**Enumerate the major means of executive control over administration.**

2

(1) राजनैतिक निर्देश

(2) बजटीय नियंत्रण (वित्त मंत्रालय की सहायता से)

(3.) नियुक्ति एवं निष्कासन

(4.) प्रत्यायोजित विधायन

अध्यादेश व लोक संहिता

(Write above this line only)

18. RPSC में हाल में हुए प्रमुख नवाचार कौन-कौनसे रहे हैं?
**What have been the recent major innovations in RPSC?**

(i)

(Write above this line only)

19. राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यों का उल्लेख कीजिए।
**Mention the functions of the State Election Commission.**

1/2

(1.) निर्वाचन पूर्व मतदाता सूचियों को अद्यतन करना।

(2.) राज्य में पंचायती राज संस्थाओं, स्थानीय शहरी स्वशासन संस्थाओं के चुनावों को करवाना।

(अनु॰ - 243 K)

→ चुनावों का पर्यवेक्षण
→

(Write above this line only)

20. अनुच्छेद 200 और 201 में क्या मूलभूत अंतर है?
**What is the fundamental difference between Articles 200 and 201?**

1/2

अनुच्छेद -200 :- राज्यपाल विधायिका द्वारा पारित किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ भेजता है। (स्वयं भी अनुमति दे सकता है)

अनु॰ 201 - राष्ट्रपति अनु. 200 के अधीन आये विधेयक पर अपना निर्णय देता है।

(Write above this line only)

21. मंत्रिपरिषद् के 'सामूहिक उत्तरदायित्व' का क्या आशय है?
**What is the meaning of 'collective responsibility' of the Council of Ministers?**

1/2

अनु॰ 75, 164 में मंत्रिपरिषद् के सामूहिक उत्तरदायित्व से तात्पर्य है कि किसी मंत्री द्वारा किये गये कार्यों लिये गये निर्णय के लिए सम्पूर्ण मंत्रिपरिषद् जवाबदेह है।

एक साथ तैरते है, एक साथ डूबते है।

(Write above this line only)

22. 'दण्डनायक' के रूप में उपखंड अधिकारी की क्या भूमिका है?
**What is the role of Sub Divisional Officer as 'Magistrate'?**

1

(i) उपखण्ड क्षेत्र में धारा 144 का प्रयोग।

(ii) कानून - व्यवस्था बनाये रखने हेतु फौजदारी मुकदमों की सुनवाई करता है

- जेलों, थानों का निरीक्षण
- वार्षिक रिपोर्ट कलक्टर को भेजना (जिलाधीश)

(Write above this line only)

23. 'प्रश्नकाल' विधायी नियंत्रण का साधन कैसे है?
**How is 'Question Hour' a means of legislative control?**

प्रश्नकाल में विधायिका में प्रस्तुत किसी विधेयक के औचित्य से सम्बंधित प्रश्न पूछे जाते है। अतः यह अप्रासंगिक कानूनों के निर्माण पर रोक लगाता है।

1

प्रकार - (3) ① तारांकित ② अतारांकित ③ अल्प सूचना के प्रश्न

(Write above this line only)

24. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम में वर्णित 'सूचना और सुगम केन्द्र' क्या हैं?
**What are the 'Information and Facilitation Centres' mentioned in the Rajasthan Right to Hearing Act?**

1

सूचना से तात्पर्य परिवादी द्वारा मांगी गई सूचना से है। Act 2012 में वर्णित सूचना सुगम केन्द्र - निकटतम स्थान जहाँ पर परिवादी को जनसुनवाई का अवसर मिलता है।

→ हेल्प डेस्क
→ जन सुनवाई केंद्र

(Write above this line only)

25. राजस्थान लोक सेवा गांरटी अधिनियम, 2011 में प्रथम अपील की अवधि और अपील का आधार क्या है?
**What is the period of first appeal and grounds of appeal in Rajasthan Public Service Guarantee Act, 2011?**

अपीलिय अधिकारी (1½)

अभिहित अधिकारी द्वारा निश्चित समय में सेवा प्रदान नहीं करने, आवेदन रद्द करने, सेवा प्रदायगी में विलम्ब करने के आधार पर नियत अवधि की समाप्ति के 30 दिन के अन्दर या आवेदन अस्वीकार करने के 30 दिन के भीतर प्रथम अपील की जा सकती है।

(Write above this line only)

**Note : Answer the following questions in 50 words. Each question carries 5 marks.**
नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

1. नवीन लोक प्रशासन के विकास के लिए उत्तरदायी कारण कौन-कौनसे रहे हैं?
**What have been the reasons responsible for the development of new public administration?**

(2)

1968 के पश्चात लोक प्रशासन के क्षेत्र में नवीन विचारों का सूत्रपात

(i) अमेरिका में सार्वजनिक सेवाओं से सम्बंधित सिद्धांतों पर सम्मेलन

(ii) अमेरिका में लोक सेवाओं में परंपरागत लोक प्रशासन की प्रासंगिकता पर फिलाडेल्फिया सम्मेलन - 1867.

(iii) प्रथम मिन्नोब्रुक सम्मेलन - 1868 1967 1968

(iv) नवीन आर्थिक जटिलताओं का उभार, तकनीकों का विकास, सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यों में अत्यधिक वृद्धि।

(v) सार्वजनिक क्षेत्र में निजी क्षेत्र, जन सहभागिता बढ़ाने का दबाव।

(Write above this line only)

सीधे कारण लिखने से पहले परिचय देवे।

2. 'वैज्ञानिक प्रबंधन उपागम' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।
**Explaining the concept of 'Scientific Management Approach', write its main features.**

2½

एफ. टेलर द्वारा प्रतिपादित वैज्ञानिक प्रबंधन उपागम में संगठन को संचालन उत्पादकता को अधिकतम करने के आधार पर किया जाता है। इसमें कार्यकुशलता, तकनीक तथा औपचारिक ढांचे का अत्यन्त महत्त्व है। पदसोपान, आदेश की एकता, कार्य-विभाजन पर केन्द्रित है।

विशेषताएं → (i) यह निर्वैयक्तिकता पर आधारित है।

(ii) संगठन में मनुष्य को मशीन समझा जाता है।

(iii) मानवीय भावनाओं, अन्तरसम्बंधों का महत्त्व नहीं।

(iv) इसमें कठोरता है, नवाचार विरोधी है।

संक्षिप्त व्याख्या पांच बिंदु के सवाल में कम से कम छह: Points लिखने होते हैं।

(Write above this line only)

3. शक्ति के 'विशिष्टवर्गीय सिद्धांत' और 'बहुलवादी सिद्धांत' की व्याख्या कीजिए।
**Explain the 'Elite Theory' and 'Pluralistic Theory' of Power.**

(Write above this line only)

4. 'आदेश की एकता' सिद्धांत की कमियों को उजागर कीजिए।
**Highlight the shortcomings of the 'Unity of command' principle.**

2½

(i) आदेश की एकता विशिष्टिकरण की विरोधी है।

(ii) सहायक अभिकरणों के विकास ने 'आदेश की एकता' सिद्धांत को खोखला साबित किया है।

(iii) यह बहुलतावादी दृष्टिकोण विरोधी है।

(iv) संगठन में नवाचार संस्कृति का विकास अवरुद्ध होता है।

(v) अत्यावश्यक कार्यों में भी विलम्ब हो जाता है।

परिचय सर्वदा कोमा में Highlited शब्द की परिभाषा से Start करें।

- पहला Point प्रभावी है।
- आदेश के कठोर अनुपालन पर जोर देता है।

(Write above this line only)

5. 'नियंत्रण के क्षेत्र' को निर्धारित करने वाले प्रमुख कारकों को वर्गीकृत करें।
**Classify the major factors that determine 'Span of control'.**

2

नियंत्रण के क्षेत्र को निर्धारित करने वाले मुख्य कारक निम्न है—

(i) व्यक्तित्व
(ii) संगठन का क्षेत्र
(iii) कार्य स्थान
(iv) कार्य की प्रकृति
(v) अधीनस्थों की कार्य कुशलता
(vi) उच्चस्थों की पारिवारिक स्थिति
(vii) तकनीकों का संगठन में उपयोग
(ix) संचार व्यवस्था एवं उपकरण
(x) स्वचालन प्रक्रिया का उपयोग

Point अच्छे लिखे है Perfect भी है लेकिन 50 शब्द की मांग पुरी नहीं हो रही है इसलिए Point के बारे में Atleast एक-एक line लिखनी है।

(Write above this line only)

शुरुआत कब व कैसे हुई

प्रमुख बल - ? किसका समर्थक है ? यह लिखे।



6. 'नव लोक प्रबंधन', नव लोक प्रशासन से किस प्रकार भिन्न है? समझाइए।
**How is 'New Public Management' different from New Public Administration? explain.**

2½

| नव लोक प्रबंधन | नव लोक प्रशासन |
| --- | --- |
| ↳ इसमें 3E (कार्यकुशलता, मितव्ययता, प्रभावशीलता) पर बल है। | इसमें प्रासंगिकता, मूल्य, समता, परिवर्तन केन्द्रीय तत्व है। |
| ↳ सार्वजनिक क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाने पर बल | ↳ प्रशासन को समाज के प्रति संवेदनशील बनाने पर बल। |
| ↳ सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका सीमित करता है | ↳ सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका को परिवर्तित करता है। |
| ↳ मितव्ययता, कुशलता पर बल देता है। | ↳ मितव्ययता, कुशलता के साथ मूल्यों, नैतिकता पर बल। |
| ↳ नीति की बजाय प्रबंधन पर बल, स्वतंत्र कार्यकरण पर बल। | ↳ सामाजिक न्याय पर बल। |

Repeat

(Write above this line only)

7. 'समन्वय प्रबंधन का सार है'- व्याख्या कीजिए।
'Coordination is the essence of management' – Explain.

(Write above this line only)

8. 'निगमित अभिशासन' क्या है? इसके महत्त्व का बिंदुवार वर्णन कीजिए।
**What is 'Corporate Governance'? Describe its importance point by point.**

3

निगमित अभिशासन से तात्पर्य व्यवसाय का संचालन ऐसे दिशा निर्देशों के अधीन करने से है जो प्रशासकों, शेयरधारकों, उपभोक्ताओं, समाज के लाभ को अधिकतम करें। यह व्यवसाय में निजी क्षेत्र के उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने वाली आचार नीति है।

महत्त्व → (i) व्यवसाय में प्रकटीकरण, पारदर्शिता।
(ii) निवेशकों, शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा में।
(iii) उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति.
(iv) सामूहिक निर्णयन को बढ़ावा (v) जनसहभागिता में वृद्धि।
(vi) व्यवसाय में भ्रष्टाचार, घोटालों पर रोक।

Good. (अच्छा लिखा है) परिचय के हिस्सा पर focus करें

(Write above this line only)

9. भारत में लोक सेवा में प्रशासनिक नैतिकता के पतन के कारणों का उल्लेख करें।
**Mention the reasons for the decline of administrative ethics in civil service in India.**

2½

पतन के कारण —
(i) सत्यनिष्ठा का अभाव → कथनी-करनी में अन्तर
(ii) राजनीतिक दबाव → प्रशासन के कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप। इसे दरकिनार करने पर प्रशासक पर जनभावनाओं का सम्मान ना करने का आरोप लगता है।
(iii) सार्वजनिक हितों पर व्यक्तिगत हितों को वरीयता।
(iv) भाई-भतीजावाद की प्रवृत्ति का प्रभाव
(v) लोक सेवकों में संवेगिक बुद्धि की ~~अभाव~~ कमी।
(vi) प्रशासकों की आचार-नीति एवं आचरण नीति से विमुखता।

निर्वाचन में कालाधन, लाल-फीताशाही, आर्थिक असमानता जिसके कारण बढ़ी हुई महंगाई

(Write above this line only)

10. लोक-प्रशासन में 'सामान्यज्ञ-विशेषज्ञ विवाद' का समाधान प्रस्तुत कीजिए।
**Present a solution to the 'Generalist Vs Specialist dispute' in public administration.**

(i) सामान्यज्ञ - विशेषज्ञ विवाद के समाधान हेतु सार्वजनिक सेवाओं का वर्गीकरण दो भागों में – (i) सामान्यज्ञ सेवाएं (ii) तकनीकी सेवाएं

(ii) सार्वजनिक पदों का भी वर्गीकरण दो भागों में –
(i) क्षेत्रीय पद (ii) मुख्यालय पद।

(iii) सामान्यज्ञ, विशेषज्ञों का प्रशिक्षण एक साथ करवाना।

(iv) तकनीकी पदों पर केवल विशेषज्ञों की ही नियुक्ति की जाये।

(v) इनके वेतन एवं सुविधाओं का निर्धारण तर्कसंगत प्रकार से पुनः किया जाये।

(vi) विशेषज्ञों के कार्यों, प्रस्तावों को विशेषज्ञों द्वारा ही अनुमोदन मिले।

(Write above this line only)

11. मंत्रिपरिषद् और मंत्रिमंडल के मध्य अंतर को बिंदुवार स्पष्ट कीजिए।
**Explain the difference between Council of Ministers and Cabinet point wise.**

| मंत्रिपरिषद् | मंत्रिमण्डल |
|---|---|
| कार्यपालिका का वृहद आकार | छोटा आकार |
| मंत्रिमण्डल के निर्णयों, नीतियों को क्रियान्वित करती है। | कार्य से सम्बंधित निर्णय, नीतियों का निर्धारण करती है। |
| शक्तियों का प्रयोग क्रियान्वयन में। | वास्तविक शक्ति का केन्द्र। |
| इसमें केबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री, उप मंत्री सभी शामिल। | इसमें केबिनेट मंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री होते हैं। |
| सामूहिक उत्तरदायित्व भी मंत्रिपरिषद् का होता है। | मंत्रिमण्डल, मंत्रिपरिषद् का एक भाग है। |
| मंत्रिमण्डल के कार्यों को व्यवहारिकता प्रदान करती है। | वास्तविक कार्यपालिका, |

बैठक- 3 माह में एक बार

(Write above this line only)

12. 'तहसीलदार, तहसील में राज्य का अभिकर्त्ता है'- इस रूप में तहसीलदार की भूमिका चित्रण करें।
'Tehsildar is the agent of the state in the tehsil' – Describe the role of the tehsildar in this way.

तहसीलदार की भूमिका —

(1.) राजस्व अधिकारी – तहसील स्तर पर राजस्व का संग्रहण करता है।

(2.) उप राजकोष → राजस्व संग्रह कोष तहसीलदार के नियंत्रण में रहता है।

(3) भू अभिलेख → तहसील के समस्त भू-अभिलेखों को अद्यतन रखता है।

(4.) राशन अधिकारी → राशनिंग का नियंत्रण करता है। चीनी, मिट्टी का तेल, खाद्यान्न आदि को आवंटन।

(5.) आपातकालीन सहायता → ऐसी स्थिति में चिकित्सा, खाद्यान्न आपूर्ति, परिवहन व्यवस्था करता है।

(6.) सांख्यिकी अधिकारी → जनगणना, पशुगणना, कृषि गणना आदि का कार्य तहसीलदार द्वारा ही सम्पन्न कराया जाता है। ये सांख्यिकी ही राज्य की योजनाओं का आधार बनती है।

(7.) इसके अलावा निर्वाचन, अतिथियों का स्वागत, प्रोटोकॉल आदि कार्य तहसीलदार करता है।

(Write above this line only)

[Evaluator's margin notes: उज्ज्वला योजना (जैसे) के बाद तेल का वितरण almost बंद है; → जनगणना, पशुगणना में सहयोग]

13. राज्य प्रशासन में निदेशालय के मूल कार्य कौन-कौन से हैं?
What are the basic functions of the Directorate in state administration?

(Write above this line only)

14. राजस्थान में लोकायुक्त संस्था को मजबूत बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत कीजिए।
**Give your suggestions to strengthen the Lokayukta institution in Rajasthan.**

(Write above this line only)

प्रशासन पर कार्यपालिका नियंत्रण से तात्पर्य राजनीतिक कार्यपालिका द्वारा नौकरशाही के कार्यों पर नियंत्रण से होता है

15. प्रशासन पर कार्यपालिकीय नियंत्रण की सीमाओं को स्पष्ट करें।
**Explain the limits of executive control over administration.**

3

(i) मंत्रियों का चयन योग्यता एवं अनुभव के आधार पर नहीं।

(ii) मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन, सरकार का अस्थायित्व

(iii) प्रशासकों का स्थायी, योग्य, अनुभवी होना। इससे मंत्री प्रशासकों पर निर्भर हो जाते हैं।

(iv) मंत्रियों के पास विधायिका एवं कार्यपालिका दोनों कार्य। अतः कार्य अधिकता नियंत्रण को प्रभावित करती है।

(v) मंत्रियों का जन कल्याण, समस्या समाधान के प्रति संवेदनशील ना होना।

अच्छे प्रभावी points हैं Good

(Write above this line only)

16. 'मानवाधिकार' को परिभाषित करते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग की संरचना का वर्णन कीजिए।
**Define 'Human rights' and describe the structure of the State Human Rights Commission.**

2

Ind

मानव की नैसर्गिक स्वतंत्रता, अधिकार ही मानवाधिकार है। मानवाधिकार मानव के जीवन की मौलिक आवश्यकता पूर्ति एवं सम्मानजनक जीवनयापन हेतु आवश्यक है।

राज्य मानवाधिकार आयोग की संरचना –

राज्य मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधि॰ - 2019 के अनुसार –

एक अध्यक्ष → उच्च न्यायालय के सेवानिवृत मुख्य/अन्य न्यायाधीश।

दो सदस्य → उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश या सेवानिवृत जिलाधीश जो 7 वर्ष का अनुभव रखते है अथवा कोई प्रख्यात कानूनविद्।

कार्यकाल – 3 वर्ष या 70 वर्ष (जो भी पहले हो)

(Write above this line only)

किसी भी HC का Retired CJ/Judge ← 1+2 संरचना < न्यायिक, गैर न्यायिक


Note : Answer the following questions in 100 words. Each question carries 10 marks.

नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

1. 'पदसोपान प्रशासनिक संगठन की प्राथमिक आवश्यकता है'- कथन की व्याख्या करते हुए 'पद सोपान' की महत्ता स्पष्ट कीजिए।

**Explaining the statement 'Hierarchy is the primary requirement of administrative organisation', explain the importance of 'Hierarchy'.**

पदसोपानिक प्रक्रिया वह है जो संगठन के उच्च - अधीनस्थों को क्रमवार रूप से श्रृंखलाबद्ध करते हुए संगठन में बहुस्तरीय ढांचा बनाती है।




पदसोपान प्राथमिक आवश्यकता है क्योंकि किसी संगठन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु संगठन में सभी घटकों का स्थान, कार्य, उत्तरदायित्व, शक्ति (सत्ता) का निर्धारण अत्यावश्यक है अन्यथा संगठन में अव्यवस्था फैलती है भ्रम उत्पन्न होता है। उद्देश्यों की एकरूपता नहीं हो पाती। इस हेतु पदसोपान को अपनाया जाता है।

महत्त्व → (i) संगठन में कार्य-विभाजन

(ii) आदेश की एकता को प्रभावी बनाती है।

(iii) अनुशासन में वृद्धि, कार्य की लघु प्रणाली (शॉर्टकट) पर रोक लगाती है।

(iv) स्थायी कार्य दशाएं निर्मित होती है।

(v) संगठन में स्थायित्व आता है।

(vi) प्रत्येक कार्मिक का कार्य एवं उत्तरदायित्व का निर्धारण सरलता से।

(Write above this line only)

8

महत्व की तरह आवश्यकता में भी Point wise बताना कि क्यों है आवश्यकता

बाकी इस उत्तर में format अच्छा है

2. विकासशील देशों में लोक प्रशासन की चुनौतियाँ स्पष्ट करते हुए इन समाजों में लोक प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

**Explain the challenges of public administration in developing countries and throw light on the role of public administration in these societies.**

5.5

विकासशील देशों में लोकप्रशासन की चुनौतियां →

(i.) विकासशील देशों में लोक प्रशासन अभी भी पश्चिमी सिद्धांतों एवं मान्यताओं का अनुसरण कर रहा है जबकि कार्य दशाएं भिन्न हैं। अतः स्थानिक परिस्थितियों का सामना करने में कठिनाई आती है।

(ii.) लोक-प्रशासन के कार्यों में अत्यधिक वृद्धि एवं लोक-प्रशासन के साधन, तंत्रों एवं उपकरणों की अपर्याप्तता।

(iii.) प्रशासकों में भ्रष्टाचार, आचार-नीति, कार्य-नीति के प्रति संवेदनशीलता में कमी, राजनीतिक हस्तक्षेप।

लोक प्रशासन की भूमिका →

(i.) जनकल्याण योजनाओं एवं नीतियों को क्रियान्वित करना।

(ii.) विकासशील देशों में विकास अभी भी उच्च गति से हो रहा है, इस गति को बनाये रखने, इसमें वृद्धि हेतु कुशल प्रशासकों की केन्द्रीय भूमिका है।

(iii.) कानून-व्यवस्था बनाना, लोगों की सहभागिता प्रशासन में सुनिश्चित करने में ताकि भ्रष्टाचार, विसंगतियों को मिटाया जा सके।

विकासशील देश है क्योंकि से उनकी क्या परिभाषा है यह लिखें

स्पष्ट व स्वच्छ अक्षरों से अच्छा प्रयास है Good

(Write above this line only)

3. 'विकास प्रशासन' और 'प्रशासनिक विकास' की अवधारणाओं को समझाते हुए इनके पारस्परिक अंतर का वर्णन करो।

**Explain the concepts of 'development administration' and 'administrative development' and describe their mutual differences.**

विकास प्रशासन से आशय है सुस्पष्ट दिशा में गतिशील रहकर राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक विकास हेतु कार्य करना। प्रशासनिक विकास का आशय है प्रशासन मे निरन्तर सुधार कर प्रशासनिक कुशलता में वृद्धि करना ताकि विकास प्रशासन को सुगम बनाया जा सके।

| विकास प्रशासन | प्रशासनिक विकास |
|---|---|
| ↳ राष्ट्र के विकास से सम्बंधित (व्यापक विचारधारा) | ↳ प्रशासन के विकास से सम्बंधित (संकुचित विचारधारा) |
| ↳ इसमें राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, प्रशासनिक सभी पहलुओं का विकास | ↳ इसमें केवल प्रशासन में सुधार, नवाचार अपनाये जाते है। |
| ↳ प्रशासन में जनसहभागिता बढ़ाने पर बल। | ↳ जनकल्याण हेतु प्रशासन को तैयार करने पर बल। |
| ↳ विकास प्रशासन प्रजातांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास, विकास प्रवृति, तथा विकास में तकनीकों के प्रयोग पर बल देता है। | ↳ प्रशासन में तकनीको एवं संचार द्वारा भ्रष्टाचार को रोकने पर बल |
| ↳ विकास प्रशासन प्रशासनिक विकास से ही संभव होता है | ↳ विकास का एक साधन है। |

DA, प्रशासनिक विकास को आधार प्रदान करता है

AD, विकास प्रशासन के सफलता का आधार प्रदान करता है

(Write above this line only)

प्रशासन के द्वारा विकास करना — प्रशासन का विकास

4. राज्यपाल के पद से जुड़े व्यावहारिक विवाद के मुद्दों को उजागर करते हुए राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों को गिनाइए।

**Enumerate the discretionary powers of the Governor highlighting the issues of practical controversy related to the post of Governor.**

$4\frac{1}{2}$

व्यावहारिक विवाद के मुद्दे –

(i.) केन्द्र का अभिकर्ता होता है। अतः राज्य के साथ भावनात्मक लगाव नहीं, राज्य के विकास में रूचि कम लेता है।

(ii.) केन्द्र के प्रभाव में स्वविवेकीय शक्तियों का अनावश्यक प्रयोग करता है। राज्य शासन संचालन प्रभावित होता है।

163(3) में पूछे गए प्रश्न के बारे में

व्यावहारिक मुद्दों के भी कुछ पाँच Points लिखें

⇒ संविधान में अनुच्छेद 163(3) में राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों का वर्णन है जो निम्न है –

(i) किसी भी दल को बहुमत ना मिलने पर सबसे बड़े दल अथवा दलों के समूह को सरकार बनाने हेतु आमंत्रित करना।

(ii.) जब मुख्यमंत्री की आकस्मिक मृत्यु हो जाये तथा दल ने किसी अन्य को इस पद हेतु नामित ना किया हो तो किसी सदस्य को मुख्यमंत्री पद हेतु आमंत्रित करना।

(iii.) राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करना।

(iv.) विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखना।

अन्य Points ठीक है)

→ विशेष सत्र बुलाना

(Write above this line only)

→ मंत्रिपरिषद को भंग करना

→ संवैधानिक तंत्र के विफल होने पर सूचना देना

5. उन अवसरों का उल्लेख कीजिए जब न्यायपालिका प्रशासन पर नियंत्रण स्थापित करती है? न्यायिक नियंत्रण के उपकरणों का भी वर्णन कीजिए।

**Mention those occasions when the judiciary exercises control over the administration? Also describe the instruments of judicial control.**

8

न्यायपालिका द्वारा प्रशासन पर नियंत्रण के अवसर –

(1.) कार्य क्षेत्र का अतिक्रमण → प्रशासक द्वारा अपनी कानूनी सीमा से बाहर कार्य।

(2) पद का दुरुपयोग → व्यक्तिगत हित साधन पर।

(3) वैधानिक त्रुटि → कानूनों की गलत व्याख्या।

(4) प्रक्रियागत त्रुटि → कानूनी प्रक्रिया का पालन ना हो।

⇒ न्यायिक नियंत्रण के उपकरण →

(1.) सरकार के विरूद्ध अभियोग

(2.) प्रशासक के विरूद्ध अभियोग → प्रशासक कानून के उल्लंघन का दोषी हो।

(3) मूल अधिकारों के उल्लंघन पर असाधारण उपकरण के रूप में रिट जारी करती है। इनमें बन्दी-प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार-पृच्छा, उत्प्रेषण] उच्चतम न्यायालय (अनु. 32), उच्च न्यायालय (अनु. -226) के माध्यम से स्वप्रेरणा से भी इन असाधारण उपकरणों का प्रयोग कर न्यायिक नियंत्रण स्थापित करता है।

वर्तमान में जनहित याचिका, न्यायिक सक्रियता को भी अपनाया जा रहा है। PIL

अधिकार क्षेत्र का अभाव
वैधानिक त्रुटि
तथ्यों का पता लगाने की त्रुटि
पद/सत्ता अनुचित प्रयोग
प्रक्रिया संबंधी त्रुटि

अच्छे Point अच्छे लिखे हैं

(Write above this line only)

लेकिन इन पर सामान्य शब्दों के स्थान पर एक-एक Perfect व प्रभावी line लिखें।

6. राजस्थान लोक सेवा गारंटी एक्ट 2011 का महत्त्व स्पष्ट करते हुए इसके क्रियान्वयन में आई कमियों को समझाइए।

**Explain the importance of Rajasthan Public Service Guarantee Act 2011 and explain the shortcomings in its implementation.**

5

महत्त्व →

(i) राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधि. 2011 राज्य के नागरिकों को जनकल्याणकारी सेवाएं नियत समय में सुपुर्द करने, प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता बढ़ाने तथा लोक (गुमराह करने वाले) सेवकों पर दण्डनीय कार्यवाही करने हेतु 14 नवंबर 2011 से लागू है। Good

(ii) राज्य में प्रारंभ में 18 विभागों की 153 सेवाएं शुरू की गई (वर्तमान में 300 से अधिक)। अतः सेवाओं की गारंटी मिलने से सुशासन स्थापना को बल, लोक सेवकों के अनुशासन में वृद्धि, शासन में जनसहभागिता में बढ़ोतरी अन्ततः राज्य के सर्वांगीण विकास का उपकरण बना है।

कमियां →

(i) केवल 18 विभागों की सीमित सेवाएं ही आने से सेवाओं की गारंटी अधूरी है।

(ii) अपीलीय अधिकारी उसी विभाग का उच्चाधिकारी। अतः कार्यवाही नहीं हो पाती। राज्य में अभी तक केवल 50 से कम कर्मचारियों पर कार्यवाही।

(iii) दोषी कर्मचारी को पुनरीक्षण अपील का मौका जिससे वह दोषमुक्त हो जाता है क्योंकि उसी विभाग का अधिकारी जांच करता है।

(Write above this line only)

(iv) सरकारी स्तर पर जागरूकता के प्रयास बहुत सीमित।

महत्त्व में Point को थोड़ा छोटा लिखो और संख्या में इसका को कम-से-कम छोटे-छोटे Points लिखने है दोनों में। अच्छा उत्तर, तरीका format अच्छा है

7. 'जिलाधीश के समान न तो कोई अधिकारी हुआ है, न ही होगा'- कथन के आलोक में जिलाधीश की जिला प्रशासन में भूमिका और कार्यों की व्याख्या कीजिए।
**In the light of the statement, 'Neither has there been nor will be any officer like the District Magistrate', explain the role and functions of the District Magistrate in the district administration.**

5½

जिलाधीश जिलास्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नियामकीय एवं विकासात्मक प्रशासनिक व्यवस्था का केन्द्र है। जिले में स्थित सभी विभागों का नियंत्रण, पर्यवेक्षण, समन्वय जिलाधीश के नियंत्रणाधीन है।

प्रशासन में भूमिका →

(1.) राजस्व अधिकारी → इसी कारण इसे कलेक्टर कहा जाता है।

(2.) दण्डनायक के रूप में → कानून - व्यवस्था का संचालन जिलाधीश के निर्देशन एवं नियंत्रण में

(3) विकास अधिकारी – जिले में संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं का पर्यवेक्षण, निगरानी। साथ ही स्थानीय स्वशासन के विकास कार्यों हेतु समन्वय कर्ता की भूमिका।

(4) प्रशासक के रूप में → केन्द्र एवं राज्य के नियमों कानूनों की अनुपालना सुनिश्चित करता है।

इसके अलावा जिलाधीश जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनावों का संचालन, प्रोटोकॉल अधिकारी के रूप में अतिथियों का स्वागत एवं ठहरने की प्रबंध, सरकारी निधि का रक्षक, विभागों का समन्वयकर्ता, जनगणना संबंधी कार्य, विभिन्न तथ्यों, आंकड़ो तथा जनभावनाओं को सरकार तक पहुंचाता है। जिलाधीश सरकार की लोगों से जुड़ाव रखने वाली व्यावहारिक इकाई है। अतः महत्व अधिक है।

(Write above this line only)

अच्छा व Perfect उत्तर लिखा है, क्लेमण्ट के भाषण में कहे गये कथनों को भी उल्लेख करना है धारा 144 लागू करना।

1. समश्रुत भिन्नार्थक अंक - 5

(i) अंब -

अंबु -

(ii) आपात -

आपद् -

(iii) उबारना -

उभारना -

(iv) कुंजर -

कंजर -

(v) तरि -

तरी -

(vi) प्रणत -

प्रणीत -

(vii) बारिश -

वारिस -

(viii) सूचि -

सूची -

(ix) सर्वदा -

सर्वथा -

(x) सुरभि -

सुरभी -

2. पारिभाषिक शब्दावली अंक - 5

(i) **Acceleration –**

(ii) **Biennial –**

(iii) **Collusion –**

(iv) **Demonestisation –**

(v) **Endorsement –**

(vi) **Grievance –**

(vii) **Inconsistent –**

(viii) **Judicial Tribunal –**

(ix) **Liability –**

(x) **Mondate –**

3. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए-

अंक - 10

''लोक में फैली हुई दुःख की छाया को हटाने में ब्रह्म की आनन्द कला जो शक्तिमय रूप धारण करती है, उसकी भीषणता में भी अद्‌भुत मनोहरता, कटुता में भी अपूर्व मधुरता, प्रचण्डता में भी गहरी आर्द्रता लगी रहती है। विरूद्धों का यही सामंजस्य कर्मक्षेत्र का सौन्दर्य है, जिसकी ओर आकर्षित हुए बिना मनुष्य का हृदय नहीं रह सकता। इस सामंजस्य का और कई रूपों में दर्शन होता है। किसी कोट-पतलून-हैट वाले धारा-प्रवाह संस्कृत बोलते अथवा किसी पण्डित-वेषधारी सज्जन का अंग्रेजी का प्रगल्भ-वक्तृता देते सुन व्यक्तित्व का जो एक चमत्कार-सा दिखाई पड़ता है, उसकी तह में भी सामंजस्य का यही सौन्दर्य समझना चाहिए। भीषणता और सरसता, कोमलता और कठोरता, कटुता तथा मधुरता, प्रचण्डता और मृदुता का सामंजस्य ही लोकधर्म का सौन्दर्य है, आदि कवि वाल्मीकि की वाणी इसी सौन्दर्य के उद्‌घाटन महोत्सव का दिव्य संगीत है। सौन्दर्य का यह उद्‌घाटन असौन्दर्य का आवरण हटाकर होता है। धर्म और मंगल की यह ज्योति अधर्म और अत्याचार, क्लेश इत्यादि की घाटा को फाड़ती हुई फूटती है। इससे कवि हमारे सामने असौंदर्य, अमंगल, अत्याचार, क्लेश इत्यादि भी रखता है, रोष हाहाकार और ध्वंस के दृश्य भी लाता है, पर सारे कार्य, सारे रूप और सारे व्यापार भीतर-भीतर आनन्द-कला के विकास में ही बोध के विविध रूप देते पाए जाते हैं। यदि किसी ओर उन्मुख ज्वलन्त रोष है तो उसके सब ओर उसका सहगामी रक्षा और कल्याण का भाव है।''

अथवा

राजकीय विद्यालयों का नियमित समय परिवर्तन हेतु शासन सचिव शिक्षा विभाग राजस्थान की ओर परिपत्र जारी कीजिए। अंक - 10

(A) Choose the correct word/phrase and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. 1-10)

Marks 10

**1. Did you face some/any difficulty in finding the house?**

---

**2. The servant was allowed much/most rest.**

---

**3. The/A knife is made of metal.**

---

**4. You are a/the fool to say that.**

---

**5. Kalidas is no article/the Shakespeare of India.**

---

**6. It is only after the/a war is over that people realise how bad it was.**

---

**7. The seed of all modern amenities lies in the/no article science.**

---

**8. This is the/a most important question which you have to prepare very carefully.**

---

**9. 'Music is a/the science but singing is an art' said the music teacher.**

---

**10. He uses the mock-heroic style to depict the/no article violence.**

---

**(B) Write a one word substitute for the following expressions: (Q. No. 11-20)** **Marks 10**

**11. A supposed cure for all diseases or problems.**

---

**12. Too much official formality**

---

**13. Absence of any form of political authority or government.**

---

**14. The abandonment of one's country or cause.**

---

**15. Speed of an object in one direction.**

---

**16. Done without opposition, Complete agreement.**

---

**17. The first speech made by a person.**

---

**18. Quick and light in movement or action.**

---

**19. A shortened form of a word or phrase.**

---

**20. Use of force or threat to make someone agree.**

---